# देवरिया में होगी 15 मार्च को आरएलडी की रैली

## रैली को यादगार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को जुटने के निर्देश




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सदस्य विधान परिषद डा. रामाशीष राय ने कहा कि पार्टी की आगामी विशाल जनसभा 15 मार्च को जनपद देवरिया स्थित चीनी मिल मैदान में आयोजित की जाएगी।

इस जनसभा को लेकर पार्टी संगठन पूरी तरह सक्रिय है। डा. रामाशीष राय ने बताया कि इस विशाल जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी जयंत सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री, उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासि. चव (संगठन) त्रिलोक त्यागी, मंत्री अनिल कुमार, पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी, विधायकगण तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जनसभा में भाग लेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूर्वांचल में राष्ट्रीय लोकदल का कारवां निरंतर आगे बढ़ रहा है और पार्टी किसानों, युवाओं तथा आम जनता की आवाज को मजबूती से जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए डा. रामाशीष राय ने कहा कि 31 जुलाई तक बूथ स्तर तक पार्टी के संगठन ढांचे को मजबूत किया जाएगा, जबकि अगस्त एवं सितंबर माह में प्रत्येक जिले में जिला सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिनमें एनडीए सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच रखा जाएगा।

उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी राष्ट्रीय लोकदल की संगठनात्मक बैठकें झांसी, आजमगढ़, बस्ती, गोरखपुर एवं बनारस जैसे प्रमुख जनपदों में सफलतापूर्वक संपन्न हो चुकी हैं, जिनमें कार्यकर्ताओं का उत्साह एवं व्यापक जनसमर्थन देखने को मिला है। इससे स्पष्ट है कि प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल का संगठन लगातार सशक्त हो रहा है। डा. रामाशीष राय ने कहा कि इन रैलियों और संगठनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय लोकदल आगामी पंचायत चुनावों तथा वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों में पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेगा और जनता से सीधा संवाद स्थापित करेगा। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में कौशल विकास मंत्रालय (स्किल डेवलपमेंट मिनिस्ट्री) का दायित्व माननीय चौधरी जयंत सिंह द्वारा निभाया जा रहा है, जिसके माध्यम से देश एवं प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। साथ ही उद्यमिता विकास मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के जरिए युवाओं को स्वरोजगार एवं रोजगार के नए-नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। डा. रामाशीष राय ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के अथक प्रयासों से वर्तमान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने के मूल्य में ु30 की वृद्धि कर गन्ना किसानों को बड़ी राहत देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल का स्पष्ट लक्ष्य है कि देश और प्रदेश के युवाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए रोजगार, कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। पार्टी का नेतृत्व युवाओं को सशक्त बनाने, किसानों की आय बढ़ाने तथा सामा. जिक न्याय को मजबूत करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। अंत में उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में संगठन का विस्तार करेगा और जनता से जुड़े मुद्दों को पूरी मजबूती के साथ उठाता रहेगा।

# महिला पर जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में मॉर्निंग वॉक पर जा रही एक वृ( महिंला पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 22 फरवरी की सुबह सोना देवी नामक वृद्ध महिंला टहलने निकली थीं। इसी दौरान श्याम वर्मा नामक युवक से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी विवाद में श्याम वर्मा ने महिंला पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गईं।

घटना के बाद आरोपी फरार हो गया, जबकि घायल महिंला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि घटना के समय सुबह का हल्का अंधेरा था और आसपास कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे हमलावर की तत्काल पहचान नहीं हो सकी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के लगभग एक हजार सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया। प्राथमिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी पारिवारिक विवाद के कारण मानसिक रूप से परेशान था। वारदात के समय उसके पास चाकू मौजूद था। आरोपी श्याम वर्मा घटना स्थल के निकट का ही निवासी है।

# शार्टसर्किट से घायल हुआ लाइनमैन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** दोपहर लगभग 3 बजे लखनऊ के ओल्ड नूरबाड़ी विद्युत उपकेन्द्र पर तैनात कल्लू संविदा लाइनमैन का डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स में कार्य करते समय शार्ट सर्किट होने से बुरी तरह झुलस गये। जिन्हें साथी कर्मचारियों द्वारा लखनऊ के सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराने के लिए ले जाया जा रहा है। संघ के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय नें कहा कि डिस्ट्रीब्यूशन बाक्सों में एक फेस से दुसरे फेस कि पटिया में बहुत कम जगह रहती है जहां कार्य करने में काफी दिक्कत होती है लेकिन कमीशन के चक्कर में अधिकारियों द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जाता है जिससे आए दिन कर्मचारियों कि दुर्घटनाएं होती है।

उन्होंने संगठन की तरफ से मांग किया कि घायल संविदा कर्मचारी का उचित उपचार कराया जाय तथा डिस्ट्रीब्यूशन बाक्सों में एक फेस से दूसरे फेस कि गैप की जांच कराकर एक फेस से दूसरे फेस के बीच गैप को बढ़ाया जाय।

# 22 एक्सप्रेस-वे के जाल से बदलेगा यूपी का भविष्य

## औद्योगिक क्रांति की ओर कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है, जिसके पास सबसे बड़ा एक्सप्रेस-वे का नेटवर्क होगा। फरवरी 2026 तक प्रदेश में कुल 22 एक्सप्रेस-वे का नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। इनमें सात एक्सप्रेस-वे पूरी तरह संचालित हैं, तीन निर्माणाधीन हैं और 12 विभिन्न चरणों में प्रस्तावित या स्वीकृत हैं।

इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद प्रदेश के लगभग सभी जिलों को उच्च गुणवत्ता वाली कनेक्टिविटी से जोड़ा जा सकेगा। इससे औद्योगिक और आर्थिक गतिविधियों को अभूतपूर्व गति मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने जापान दौरे पर प्रदेश में एक्सप्रेस-वे के किनारे 27 इंडस्ट्रियल पार्क विक. सित करने को लेकर कार्यवाही प्रारंभ करने की बात कही। साथ ही उन्होंने इंडस्ट्री लीडर्स से प्रदेश में निवेश का आह्वान किया। वर्तमान में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, यमुना एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पूरी तरह चालू हैं। ये एक्सप्रेस-वे न केवल प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिंस्सों को जोड़ रहे हैं, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से सीधी और तेज कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित कर रहे हैं। निर्माणाधीन परियोजनाओं में गंगा एक्सप्रेस-वे को सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना माना जा रहा है। लगभग 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे मेरठ से प्रयागराज को जोड़ेगा। इसके अलावा लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे समेत अन्य परियोजनाएं भी निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे में विंध्य एक्सप्रेस-वे, जिसकी लंबाई लगभग 320 किलोमीटर है और जो प्रयागराज से सोनभद्र को जोड़ेगा, विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे सहिंत अन्य लिंक परियोजनाएं प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों को मुख्य औद्योगिक धारा से जोड़ने का माध्यम बनेंगी। एक्सप्रेस-वे नेटवर्क से औद्योगीकरण को नई दिशा मिलेगी। विस्तृत एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, औद्योगिकरण को नई दिशा देगा। बेहतर सड़कों और तेज परिवहन से औद्योगिक माल ढुलाई की लागत में कमी आएगी और समय की बचत होगी। इससे विनिर्माण इकाइयों, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स पार्कों के विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक कॉरिडोर, औद्योगिक पार्क और निवेश क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं, जिससे निवेशकों को भूमि, परिवहन और बाजार तक त्वरित पहुंच उपलब्ध हो सके। नलॉजिस्टिक दक्षता से प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी। लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार से प्रदेश की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी। निर्यात उन्मुख उद्योगों को सीधा लाभ मिलेगा और छोटे व मध्यम उद्यमों के लिए भी नए अवसर खुलेंगे। बुंदेलखंड और पूर्वांचल जैसे अपेक्षाख्रत पिछड़े क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ने से क्षेत्रीय असंतुलन को कम करने में मदद मिलेगी। बएक्सप्रेस-वे आधारित विकास मॉडल से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। एक्सप्रेस-वे आधारित विकास मॉडल से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और रोजगार सृजन में भी बढ़ोतरी होगी। निर्माण कार्यों से प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, जबकि औद्योगिक निवेश से दीर्घकालिक रोजगार सृजन की उम्मीद है।

# लखीमपुर खीरी में शुरू होगा डे केयर कैंसर सेंटर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** कैंसर रोगियों के लिए राहत भरी खबर है। कैंसर निदान, उच्चीकृत उपचार एवं संदर्भन की सुविधा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से ृसंबद्ध जिला चिकित्सालय मोतीपुर ओयल में डे केयर कैंसर सेंटर की स्थापना की जा रही है, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

शीघ्र ही जनपद के कैंसर मरीजों को यह विशेष सुविधा अपने ही जिले में उपलब्ध होने लगेगी। यह जानकारी सीएमएस जिला चिकित्सालय मोतीपुर ओयल डा आरके कोली द्वारा दी गई है। शुक्रवार को डे केयर कैंसर सेंटर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण सीएमएस डा आरके कोली द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर इस सेंटर की स्थापना की जा रही है, जिसके लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा संतोष गुप्ता द्वारा एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत एक टीम भी भेजी गई थी जिसमें कार्यक्रम के इपीडिमियोलाजिस्ट डा राकेश गुप्ता द्वारा भी सेंटर की व्यवस्थाओं को देखा गया था। उन्होंने यह भी बताया कि डे केयर कैंसर सेंटर प्रारंभिक रूप से छह बेड का होगा और यहां कैंसर रोगियों को उच्चीख्रत आधु. निक सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। अब कीमोथेरेपी व बायोप्सी कैंसर जांच जैसी सेवाएं भी इसी सेंटर पर मिलनी शुरू हो जाएगी। जिसकी तैयारियां शासन के निर्देश पर शुरू कर दी गई हैं। सीएमएस ने बताया कि यह डे केयर कैंसर सेंटर जनपद के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा, जिससे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को समय पर उपचार, कम खर्च और बेहतर सुविधा अपने ही जिले में मिल सकेगी। इसका लाभ जनपद की बड़ी आबादी को मिलेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा संतोष गुप्ता ने बताया कि एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित किए जा रहे इस डे केयर कैंसर सेंटर को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ का प्रशिक्षण कार्य प्रारंभ हो चुका है।

## मैनपुरी में 500 पेटी शराब बरामद

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के कुरावली थाना क्षेत्र में पुलिस ने 500 पेटी अवैध शराब बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत 58 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कुरावली के पास जी-टी- रोड पर वाहनों की चेकिग अभियान चलाया। इस दौरान एक ट्रक की तलाशी लेने पर भूसे के अंदर छुपाकर रखी गई 500 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने ट्रक सहिंत शराब को कब्जे में ले लिया है। गिरफ्तार ट्रक चालक ने पूछताछ में बताया कि शराब पंजाब से लोड कर बिहार ले जाई जा रही थी। बरामद शराब विभिन्न ब्रांडों की बताई गई है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार अवैध शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

# रमजान के दूसरे जुमा में मुल्क व अमन शांति के लिए मांगी गई दुआ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** माहे रमजान के दूसरे जुमा पर शहर की सारी मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भरी रही। नमाजियों ने देश में अमन शांति की लिए दुवाएं मांगी। रमजान के दूसरे जुम्मे के मौके पर आज सुबह से ही सड़कों पर चहल-पहल देखने को मिली लोग तैयार होकर मस्जिदों में जुम्मे की नमाज अदा करने के लिए पहुंचे लखीमपुर खीरी के सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिदों में भारी भीड़ देखने को मिली इस मौके पर लोगों ने मुल्क व कोम की तरक्की के लिए हाथ उठाकर अल्लाह से दुआ की।

पुलिस प्रशासन ने जुमे की नमाज को लेकर पुख्ता इंतजाम किए थे। खीरी स्थित मस्जिद रहीम अली शाह के पेश ईमाम हाफिज वसी अहमद ने रोजे की अजमत पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अल्लाह ने हर आकिल और बालिग पर रोजा फर्ज फरमाया,,रोजे में



सिर्फ खाने पीने से रुक जाना नहीं होता बल्कि हर बुरे काम से परहेज करना व रोजे का मकसद अपनी नफ्स पर काबू पाना होता है।

# आयुष चिकित्सकों ने टीबी उन्मूलन के प्रति लोगों को किया जागरूक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत आयुष चिकित्सकों का संवेदीकरण कार्यक्रम शहर के एक निजी होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संतोष गुप्ता ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डा. प्रमोद रावत एवं डिप्टी डीटीओ डा. नवीन गुप्ता भी मौजूद रहे।

अतिथियों द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं टीबी उन्मूलन में आयुष चिकित्सकों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। संवेदीकरण कार्यशाला में सीएमओ डा. संतोष गुप्ता ने टीबी नोटिफिकेशन, टीबी उपचार में नियमितता (ट्रीटमेंट एडहेरेंस) तथा टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय पर टीबी की पहचान, मरीजों की सही रिपोर्टिंग और उपचार की निरंतरता से ही टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यक्रम में एचएलएफपीपीटी के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक (जेल एवं आयुष हस्तक्षेप) अंजुला सचान, जिला टीबी समन्वयक रजनी कुमारी, आयुष समन्वयक (टीबी) कपिल वर्मा तथा जेल समन्वयक (एचआईवी) श्रीकांत शुक्ला ने भी अपने-अपने विषयों पर जानकारी साझा की और आयुष चिकित्सकों को एनटीईपी के तहत उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया।

## किशोरी के फरार होने के मामले में दो पुलिसकर्मी निलंबित

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में वन स्टॉप सेंटर से एक किशोरी के फरार होने के मामले में पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने महिंला उपनिरीक्षक और महिला सिपाही को निलंबित कर दिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आशा ज्योति केंद्र में तैनात महिंला उपनिरीक्षक रेखा देवी तथा महिंला आरक्षी सरिता बिन्दु को ड्यूटी के दौरान पीड़िता किशोरी के वन स्टॉप सेंटर से भाग जाने और राजकीय कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता एवं अकर्मण्यता बरतने के आरोप में निलंबित किया गया है। उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी प्रारंभ कर दी गई है। इसके अलावा, ड्यूटी पर मौजूद महिंला पीआरडी कर्मी किरन देवी, शीला देवी, मंशा देवी तथा वन स्टॉप सेंटर प्रबंधक नीतू भारती के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की संस्तुति करते हुए जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई है।

# रस्तोगी स्वास्थ्य केन्द्र पर 57 लोगों ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** खालाबाजार स्थित रस्तोगी स्वास्थ्य केन्द्र पर लखनऊ हरिश्चन्द्र वंशीय समाज की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, इसमें कुल 57 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदान कराने के लिए केजीएमयू की टीम पहुंची, कुल 75 लोगों ने पंजीकरण कराया था लेकिन स्वास्थ्य कारणों के चलते 18 लोग अनफिट हो गये। समाज के संरक्षक हरी जीवन रस्तोगी ने बताया कि पहली बार आयोजित यह रक्तदान शिविर आशा से बढ़कर सफल साबित हुआ है। अब हर तिमाही रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। डोनर कार्ड से जरूरतमंदों की मदद की जाएगी।



शिविर का उद्घाटन केजीएमयू के रेस्पिरेटिरी विभागाध्यक्ष डा. सूर्याकांत एवं अखिल भारतीय हरिश्चन्द्र वंशीय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रस्तोगी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस अवसर पर डा. सूर्याकांत ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। रक्तदान करने वाले व्यक्ति को किसी प्रकार की हानि या कमजोरी नहीं आती है, इसकी प्रतिपूर्ति एक सप्ताह में हो जाती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रस्तोगी ने कहा कि लखनऊ हरिश्चन्द्र वंशीय समाज ने अनेक उल्लेखनीय कार्य कर पदचिह्न बनाए हैं। अब इसी क्रम में रक्तदान जैसे कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। समाज हिंत में सबसे बड़े पुण्य का कार्य है। समाज के हर वर्ग के लोगों को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिंए। उन्होंने कहा कि रक्तदान में खासतौर पर डाक्टर मनोज रस्तोगी (65 वर्ष) ने 85 वीं बार रक्तदान करके लोगों ने लिए प्रेरणास्रोत बने हैं। शिविर के संचालन में उपाध्यक्ष ब्रजेश रस्तोगी, महामंत्री प्रदीप रस्तोगी, हरिश्चन्द्र दर्पण समिति के अध्यक्ष गिरीश रस्तोगी, स्टार्टअप समिति के अध्यक्ष सुधांशु, मंत्री आशुतोष, सुहासिनी की उपाध्यक्ष सीमा रस्तोगी ने सहयोग किया।

# फिश फार्मिंग एवं पर्ल्स ( मोती ) फार्मिंग से किसान बढ़ा रहे अपनी आयः डा. अय्यूब



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दो दिवसीय मीन सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में फिश फार्मर्स (मत्स्य पालक) ने सहभागिता की। कार्यक्रम में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री बघेल, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार डा. के. वी. राजू मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सम्मेलन के दौरान डा. अय्यूब (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) ने मंच से उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए फिश फार्मिंग एवं पर्ल्स (मोती) फार्मिंग के समेकित मॉडल पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पर्ल्स फार्मिंग प्रोजेक्ट पर लगभग 5 लाख रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जा रहा है। जिससे किसान आधुनिक तकनीक के साथ इस परियोजना को आसानी से स्थापित कर सकते हैं। डा. अय्यूब ने अपने संबा. ेधन में बताया कि एमएनआई एग्रोहब के माध्यम से यह परियोजना पूरे प्रदेश में स्थापित की जा रही है और किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन तथा विपणन सहयोग भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्ल्स फार्मिंग को मत्स्य पालन के साथ जोड़कर किसान एक ही फसल चक्र में अपनी आय का 4 से 5 गुना तक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।अपने प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण में डा. अय्यूब ने वैज्ञानिक पद्धति, नाभिक प्रत्यारोपण तकनीक तथा सफल प्रोजेक्ट्स के उदाहरण साझा किए, जिससे उपस्थित किसानों में विशेष उत्साह देखा गया।यह सम्मेलन राज्य में मत्स्य एवं मोती उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# आर्थिक रूप से निर्धन कन्याओं का विवाह कराया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** एसबीएस जन कल्याण ट्रस्ट की मुख्य न्यासी एव वरिष्ठ समाजसेविका स्वाती सिंह एंव अर्चना मिश्रा ओम जगदीश समिति की अध्यक्ष के सयुक्त प्रयास से मिलकर आर्थिक रूप से निर्धन छः कन्याओं (आयुष्मति राशि संग चिरंजीव कृष्णा, आयुष्मति प्रिया संग चिरंजीव गो. विंद, आयुष्मति नगीना संग चिरंजीव संजय, आयुष्मति शालू संग चिरंजीव जय, आयुष्मति प्रिय संग चिरंजीव आर्यन , आयुर्ष्मति मानसी संग चिरंजीव सौरभ )का सामूहिंक विवाह कुशलता पूर्वक संपन्न करवाया।

एसबीएस जन कल्याण ट्रस्ट की मुख्य न्यासी स्वाती सिंह एंव न्यासी सरोज सिंह ने सभी कन्याओं का कन्यादान किया साथ ही नववधुओं को आशीर्वाद दिया ।संस्था ने समाज के सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। एसबीएस संस्था ने सभी अतिथियों को भोजन कराकर बच्चियों को गृहस्थी का लगभग सभी जरूरी समान दिया ।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# 40 साल से दुकान लगा रहे गरीब दुकानदारों पर संकट

## भाकियू शंकर के नेतृत्व में सैकड़ों रेहड़ी-पटरी वालों का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** रामलीला मैदान के दक्षिणी छोर पर पिछले करीब 40 वर्षों से दुकान लगाकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे रेहड़ी-पटरी और खोखा संचालकों पर संकट गहरा गया है। बाउंड्री वॉल निर्माण के नाम पर दुकानों को हटाने की कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन शंकर के नेतृत्व में सैकड़ों दुकानदारों ने रामलीला मैदान में एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र नायब तहसीलदार राजपाल सिंह को सौंपकर न्याय की गुहार लगाई।

धरने को संबोधित करते हुए भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के गरीब दुकानदारों को हटाना गलत है। ये लोग सालों से फल, सब्जी और रोजमर्रा का सामान बेचकर अपने परिवार का पेट पाल रहे हैं। अगर इन्हें अचानक हटाया गया तो सैकड़ों



परिवार बेरोजगार हो जाएंगे। दुकानदारों ने कहा कि कानून के अनुसार बिना सर्वे और बिना पुनर्वास किसी को नहीं हटाया जा सकता। पहले टाउन वेंडिंग कमेटी बनाकर सर्वे कराया जाए, उसके बाद ही कोई कार्रवाई हो। उनकी मांग है कि बाउंड्री वॉल के नाम पर चल रही बेदखली तुरंत रोकी जाए, जरूरत हो तो पहले बिजली-पानी जैसी सुविधाओं के साथ वैकल्पिक जगह दी जाए और पुराने दुकानदारों को प्राथमिकता के आधार पर वेंडिंग सर्टिफिकेट दिया जाए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यह सिर्फ दुकानों का मामला नहीं, बल्कि सैकड़ों गरीब परिवारों की रोजी-रोटी और बच्चों के भविष्य से जुड़ा सवाल है। अगर मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और बड़ा किया जाएगा। धरने में भाकियू शंकर के राष्ट्रीय प्रवक्ता सत्यवीर सिंह, जिलाध्यक्ष (मुरादाबाद) राहुल यादव, नरेश चंद कौशिक, महेंद्र, बाबूराम, धर्मवीर सैनी, सावित्री, राधेश्याम, रामगोपाल सिंह, हरप्रीत सिंह, प्रीतम सिंह, प्रियंका भटनागर, शीशपाल सैनी, रामेश्वर सैनी, राकेश रतनपुरिया, पूनम चौधरी, मंजू चौधरी, भगतराम सैनी, शिवचरन सैनी सहित बड़ी संख्या में प्रभावित दुकानदार मौजूद रहे।

# किसानों को मिला सतत् खेती का प्रशिक्षण



### किसानों को बांटी गयी मैंथा की जड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** किसानों को आधुनिक और टिकाऊ खेती की जानकारी देने के उद्देश्य से नोरैक्स फ्लेवर्स प्राइवेट लिमिटेड ने प्रोजेक्ट संकल्प के अंतर्गत हसनपुर और मंडी धनौरा में किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में करीब 100 किसानों और ग्रामीणों ने भाग लेकर खेती से जुड़ी नई तकनीकों को समझा।

प्रशिक्षण का नेतृत्व सीएसआईआरख्रसीमैप के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राकेश कुमार ने किया। उन्होंने किसानों को उन्नत खेती के तरीके, फसल प्रबंधन और सतत पुद.िना (मैंथा) खेती के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी। साथ ही जलवायु के अनुसार खेती करने और जिम्मेदारी से खाद व दवाइयों के उपयोग पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में नोरैक्स फ्लेवर्स प्राइवेट लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट शशांक अग्रवाल मौजूद रहे। कंपनी के सस्टेनेबिलिटी प्रमुख ललित कुमार और प्रबंधक अनुराग नाथ ने किसानों को गुणवत्ता वाली खेती, सही बाजार व्यवस्था और लंबे समय तक किसान-कंपनी साझेदारी के बारे में बताया। ार्यक्रम की मेजबानी दीपक शर्मा ने की, जबकि मैदानी समन्वय अरुण कुमार ने संभाला। फील्ड अधिकारियों तेजपाल सिंह, अनिकेत कुमार, विपुल कुमार और मनोज शर्मा ने किसानों से संवाद में अहम भूमिका निभाई।

# अदम साहस व बलिदान की मिसाल थे आजाद



### पुण्यतिथि पर वैंक्टेश्वरा विवि में संगोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** श्री वेंक्टेश्वरा विश्व. विद्यालय में आजादी के महानायक चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर आजादी का महानायक आजाद विषय पर काव्य संगोष्ठी एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रभारी कुलपति युवराज सिंह व कुलसचिव डॉ. पीयूष कुमार पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। रक्तदान शिविर वी.जी.आई. मेरठ एवं विम्स मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद ने युवाओं में क्रांति की चेतना जगाकर आजादी की मजबूत नींव रखी। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने उनके अदम्य साहस और बलिदान को याद करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। काव्य संगोष्ठी में डॉ. मधु चतुर्वेदी सहित अन्य साहित्यकारों ने भावपूर्ण काव्य पाठ कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आरएस शर्मा, सी.एफ.ओ. विकास भाटिया, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. सुमन कुमारी आदि मौजूद रहे।

# निरीक्षण में खुली खनन विभाग की पोल

## कमिश्नर ने रजिस्टर में गड़बड़ी पर जतायी नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कमिश्नर आंजजेय कुमार ने कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण करते हुए अभिलेखों को अद्यतन रखने, उनके डिजिटाइजेशन तथा अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

शुक्रवार को कमिश्नर आजंजय कुमार कलेक्ट्रेट पहुंचे तथायहां विभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में राजस्व अभिलेखागार, खनन कार्यालय, रिकॉर्ड रूम, शस्त्र अनुभाग, नाजिर सदर, कंट्रोल रूम, आपदा कार्यालय सहित विभिन्न पटलों की गहन जांच की गई। मण्डलायुक्त ने अलमारियां खुलवाकर पत्रावलियों का रखरखाव देखा और निर्देश दिया कि सभी फाइलें क्रमवार, सूचीबद्ध व सुरक्षित रखी जाएं ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत उपलब्ध हो सकें। राजस्व अभिलेखों के संरक्षण और गोप. नीयता के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने पर भी जोर दिया गया। खनन विभाग को अवैध परिवहन करने वालों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। रजिस्टरों के सही रखरखाव और



लंबित वादों की नियमित समीक्षा के आदेश भी दिए गए। कुछ पटलों पर अभिलेख अद्यतन न पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मचारियों को सुधार के निर्देश दिए गए। इस दौरान शहीद स्मारक पर माल्यार्पण, कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण तथा न्यायालय भवन निर्माण, "शक्ति रसोई" और डोम सुधार कार्यों का शिलान्यास/ उद्घाटन भी किया गया। अधिकारियों को पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, अपर आयुक्त प्रशासन अरुण कुमार सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त गजेंद्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी गरिमा सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, उप जिलाधिकारी हसनपुर हिमांशु उपाध्याय, उप जिलाधिकारी नौगावां सादात सुनीता, उप जिलाधिकारी धनौरा विभा श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी अमरो. हा शैलेश कुमार दुबे सहित समस्त संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कैंसर से जंग लड़ते मासूम ने तोड़ा दम



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे एक मासूम बालक ने आखिरकार दम तोड़ दिया, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक बालक डॉ. आमिर इदरीस के भांजे तथा इंडियन बैंक, पालौला से जुड़े अब्दुल मुत्तालिब का बेटा था। नन्ही उम्र में ही उसे कैंसर जैसी असाध्य बीमारी का सामना किया। लंबे समय से बालक का उपचार चल रहा था और परिवार को उम्मीद थी कि वह इस कठिन लड़ाई से विजयी होकर लौट आयेगा। लेकिन आज उसने जिंदगी को अलविदा कह दिया। बच्चे के इंतकाल की खबर मिलते ही परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घर पर संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है।

### साइबर सेल ने वापस कराए 1 लाख 80 हजार

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** युवक द्वारा गलती से दूसरे खाते में ट्रांसफर हुई 1 लाख 80 हजार रुपये की रकम को साइबर सेल ने वापस करा दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर निवासी मोहम्मद नवाज पुत्र दिलशाद खान ने 3 फरवरी और 4 फरवरी को अपने पिता के खाते में 180000 रुपये ट्रांसफर किये थे। लेकिन मोहम्मद नवाज से चूक हुई तथा पिता के खाते में ना पहुंचकर किसी अन्य अकाउंट में पैसे पहुंच गये थे। पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई थी। साइबर सेल जांच में जुट गई थी। मोहम्मद नवाज की धनराशि जनपद शामली के तुषार बिड़ला के पीएनबी के खाते में पहुंच गई थी। साइबर सेल के प्रयासों से मोहम्मद नवाज के खाते में गई हुई नकदी वापस पहुंच गई। क्राइम इंस्पेक्टर अमरपाल सिंह ने बताया गलती से दूसरे खाते में पहुंची धनराशि को वापस करा दिया गया है। गई हुई नगदी को वापस पाकर मोहम्मद नवाज का चेहरा खुशी से खिल उठा।

### आप ने किया कोर्ट के फैसले का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले का स्वागत किया है। प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर मोहम्मद हैदर ने कहा कि यह निर्णय सत्य और लोकतंत्र की जीत है तथा विपक्ष को बदनाम करने की साजिशों पर करारा जवाब है। उन्होंने कहा कि पार्टी को शुरू से न्यायपालिका पर भरोसा था और अब कार्यकर्ता दुगनी ऊर्जा के साथ जनता के मुद्दों पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि एक सिटिंग मुख्यमंत्री को 177 दिनों तक जेल में रखा गया, उपमुख्यमंत्री को लगभग 17 महीने जेल में बंद रखा गया, सांसद संजय सिंह को करीब 6 महीने जेल में रहना पड़ा। इन सबके परिवारों को मानसिक और सामाजिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी और देशभर के कार्यकर्ताओं में निराशा फैलाने की कोशिश की गई।

# विद्यार्थी व शिक्षक करें अधिकाधिक पौधारोपण

## ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के ओपीएस इण्टरनेशनल स्कूल में आयोजित 'पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम' में वन विभाग सिहाली जागीर के उप क्षेत्रीय वनाधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि बढ़ता प्रदूषण, वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। इसलिए उन्होंने विद्यार्थियों को अधिकाधिक वृक्षारोपण, जल संरक्षण, ऊर्जा की बचत, प्लास्टिक के न्यूनतम उपयोग तथा स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। वक्ताओं ने पर्यावरण की महत्ता बताते हुए कहा कि वायु, जल, भूमि, वन, वन्यजीव और जैव विविधता हमारे



जीवन का आधार हैं। इस मौके पर वन दरोगा संजय सक्सेना, राजवीर सिंह यादव, अमित कुमार, अतुल कुमार, वन रक्षक अंकित कुमार, अशफाक हुसैन, चरण सिंह तथा सैफ मोहम्मद शामिल रहे। विद्यालय के सचिव डॉ. पराग पंडित ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। इस मौके पर रवि, आलोक, मन्नत, आयुष, प्रशांत, अरुण, प्रिया, हर्षिता, चेष्टा, रिया, अनुप्रिया एवं देव, पीटीआई धनपाल, समन्वयक नेहा शर्मा, रानू, गरिमा, श्वेता, दीपक एवं सोनम आदि मौजूद रहे।

# भगवान श्री खाटू श्याम की शोभायात्रा ने मन मोहा

## श्रद्धालुओं ने एक दूसरे पर लगाया रंग गुलाल, कई स्थानों पर पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के लक्ष्मीनगर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर के द्वारा फाल्गुन एकादशी के अवसर पर 'भव्य निशान शोभायात्रा' निकाली गई। शोभायात्रा का शहर के लोगों ने कई स्थानों पर पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। इस दौरान भक्तों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर उल्लास व्यक्त किया। वातावरण में खाटू श्याम और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे गूंजते रहे।

शुक्रवार को शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के बुध बाजार स्थित शिव मंदिर से दोपहर दो बजे श्री खाटू श्याम की आरती के साथ हुआ। शोभायात्रा में 151 ध्वज लेकर श्रद्धालु सम्मिलित रहे। श्रद्धालु डीजे पर बज रहे भगवान श्री खाटू श्याम के भजनों पर झूमते गाते हुए चल रहे थे।



कई स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा करके शोभायात्रा का स्वागत किया। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शोभायात्रा ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर चौपला पर जाकर संपन्न हुई। इस अवसर पर संस्थापक प्रबंधक राजीव कुमार मित्तल, प्रीति मित्तल, तेजपाल सिंह, पवन अग्रवाल, रीना सिंह, अंकुर नागर, गोपाल मित्तल, मयंक अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल, प्रिंस, आकाश, सूर्यांश, संगीता, गीता, चंचल, अर्जुन अग्रवाल, सूरज गुप्ता, प्रमोद शर्मा, शालू यादव, कोमल शर्मा, डिंपल यादव, अनिकेत आदि मौजूद रहे। यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस भी मुस्तैद रही।

# भाकियू नेताओं को किया हाउस अरैस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

### अमेरिकी से हुई ट्रेड डील का जताया विरोध

सरदार गुरुनाम सिंह चढूनी के आह्वान पर जिलाध्यक्ष राहुल सिद्धू के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्य हुई ट्रैड डील के विरोध में पुतला फूंकने की योजना का पता चलते ही पुलिस अलर्ट हो गई। जिलाध्यक्ष एवं अन्य भाकियू नेताओं को उनके घर पर ही हाउस



अरैस्ट कर लिया। बाद में किसानों ने पुलिस को ज्ञापन भेजा। जिलाध्यक्ष राहुल सिद्धू को पुलिस ने उनके नगलिया बहादुरपुर गांव स्थित आवास से होम अरेस्ट कर लिया, वहीं भानपुर फाटक स्थित कार्यालय पर प्रदेश उपाध्यक्ष एम अनीस चौधरी, युवा जिलाध्यक्ष आसिफ मलिक, विजय मौर्य, बाबू हसन, फैजान, नाजिम सैफी, फुरकान, रहीस सैफी, कासिम चौधरी, चमन खां, प्रदीप चौधरी पर हाउस अरैस्ट कर लिया।जिलाध्यक्ष राहुल सिद्धू ने कहा कि सरकार किसानों की आवाज को दबाना चाहती है। कहा कि ट्रैड डील किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। इसके लिए किसान सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे और जेल भरो आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे। बाद में जिलाध्यक्ष ने एसएसआई अभिलाष प्रधान को ज्ञापन सौंपा।

# गुरू तेग बहादुर स्मृति द्वार लगाने में कुछ लोग पहुंचा रहे अड़चन

## प्रबंधक ने सिख समुदाय के लोगों के साथ की प्रेस वार्ता

शाह टाइम्स संवाददाता,

गजरौला। गुरूद्वारा भाई दया सिंह के प्रबंधक ज्ञानी जितेन्द्र सिंह ने विधायक निधि से श्री गुरू तेग बहादुर साहिब की स्मृति में प्रस्तावित द्वार के निर्माण में कुछ दूसरे सम्प्रदाय के लोगों पर अड़चन डालने का आरोप लगाया।

शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में ज्ञानी जितेन्द्र सिंह ने कहा कि नाईपुरा में लंबे समय गुरूद्वारा स्थापित है। पिछले दिनों विधायक राजीव तरारा ने यहां पर श्री गुरू तेग बहादुर साहिब की स्मृति में एक द्वार बनवाने के लिए प्रस्तावित किया। आरोप है कि यहां पर दूसरे सम्प्रदाय



से जुड़े कुछ लोग मुहल्ले के लोगों को भड़काकर इस द्वार को लगवाने का विरोध कर रहे हैं। आरोप है कि 09 फरवरी 2026 को इन लोगों ने मुहल्ले के लोग एकत्र करके हंगामा किया और उनके साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कहा कि गुरू तेग बहादुर जी ने अपना पूरा जीवन, अपना पूरा परिवार देश की रक्षा के लिए शहीद किया। उनके नाम के द्वार का विरोध करना ऐसे लोगों की तुच्छ मान. सिकता को दर्शाता है। उन्होंने गुरूद्वारे की सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात कराने व श्री गुरू तेग बहादुर जी का द्वार लगवाने की मांग की। पत्रकार वार्ता में डॉ.मधु चतुर्वेदी, जसविंदर कौर, हरजीत कौर, वीरपाल कौर, कविता, सुखविंद्र कौर, सविता, रमनदीप, सरिता आदि मौजूद रहे।

# रंग एकादशी पर निकले जुलूस में जमकर उड़ा रंग-गुलाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** रंगों के पर्व होली का आगाज शुक्रवार को रंग एकादशी के अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्साह और उमंग के साथ हुआ। नगर सहित आसपास के इलाकों में भव्य जुलूस निकाले गए, जिनमें बड़ी संख्या में हुरियारों ने भाग लिया। जुलूस के दौरान लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते नजर आए। राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं, जबकि कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया। नगर मे स्थानीय होली समिति के संयोजन में रंग एकादशी का जुलूस गढ़ी मंदिर धर्मशाला से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों और बाजारों से होता हुआ पुनः गढ़ी मंदिर धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में झांकियां भी शामिल रहीं। हुरियारे फूलों की वर्षा करते हुए और रंग-गुलाल उड़ाते हुए उल्लास के साथ आगे बढ़ते रहे।इस अवसर पर चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, हेमंत सारस्वत, एडवोकेट कपिल अग्रवाल, ओमकार गर्ग, देवेश तंवर, प्रत्यक्ष शर्मा, पवन गुप्ता, विकास अग्रवाल, मोहित मित्तल, छम्मो, दीपांशु, बॉबी, जितेश कुमार, शंकर लाल सैनी, अन्नू रस्तोगी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और जुलूस का स्वागत किया। उधर, बछरायूं कस्बे में भी रंग एकादशी के अवसर पर बैंड-बाजे के साथ भव्य जुलूस निकाला गया।



### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

**मंडी धनौरा।** नगर के वाईएमएस पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय नियमित विशेष शिविर का समापन शुक्रवार को कॉलेज परिसर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक रियाज अहमद सैफी, नाजिम सैफी और प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह मौजूद रहे। समापन समारोह में स्वयंसेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, कॉलेज जीवन पर नाटिका, गजल, मां की ममता, हिंदू-मुस्लिम एकता, देश मेरा रंगीला और देशभक्ति गीत जैसे कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। दर्शकों और अतिथियों ने तालियों के साथ कार्यक्रमों की खूब सराहना की।

# ट्यूली में अवैध खनन पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

- ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली रोकी, पुलिस के हवाले की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम ट्यूली में अवैध खनन को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया। दिन-रात दबंगई के बल पर हो रहे खनन से परेशान ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए खनन में लगी एक ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोक लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव और आसपास के क्षेत्रों में काफी समय से अवैध खनन का कारोबार चल रहा है। खनन माफिया देर रात से लेकर दिन तक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और टैंपो के जरिए मिट्टी व बालू का परिवहन कर रहे हैं। ओवरलोड वाहन गांव की संकरी गलियों से तेज रफ्तार में गुजरते हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। शुक्रवार को जब एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ओवरलोड होकर गांव से गुजर रही थी, तब ग्रामीणों ने उसे घेर कर रोक लिया। मौके पर जमकर नोकझोंक भी हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार जिम्मेदार विभागों को शिकायत दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी से नाराज होकर उन्होंने खुद ही मोर्चा संभाला। गांव वासियों ने चेतावनी दी है कि यदि अवैध खनन पर जल्द रोक नहीं लगी तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# त्योहार से पहले शराब की दुकानों का एसडीएम-सीओ ने किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** त्योहारों के मद्देनजर प्रशासन ने शराब की दुकानों पर सख्ती बढ़ा दी है। शुक्रवार को एसडीएम उदित पवार और सीओ नीलेश मिश्रा ने आबकारी विभाग और पुलिस टीम के साथ कस्बे में संचालित अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। प्रशासन की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्य मार्ग पर ऑकेजन बारात घर के पास स्थित देशी शराब की दुकान की गहन जांच की। यहां कुछ शराब के पौव्वों के बारकोड पहले से स्कैन पाए गए। जबकि नियमानुसार बारकोड तभी स्कैन किया जाना चाहिए जब संबंधित बोतल ग्राहक को बेची जाए। इस पर अधिकारियों ने आपत्ति जताई। मौके पर मौजूद सेल्समैन ने सफाई देते हुए बताया कि शाम के समय अधिक भीड़ होने के कारण पहले से कुछ बारकोड स्कैन कर लिए गए थे, ताकि ग्राहकों को जल्दी आपूर्ति की जा सके।

अधिकारियों ने दुकानों के लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर, बारकोड मिलान और रेट सूची की बारीकी से जांच की। साथ ही दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता भी परखी गई। टीम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि दुकानें निर्धारित समय पर ही खोली और बंद की जाएं। एसडीएम उदित पवार ने चेतावनी दी कि ओवररेटिंग, अवैध बिक्री या नाबालिगों को शराब बेचे जाने की शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने शासन की गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने के निर्देश भी दिए गए। सीओ नीलेश मिश्रा ने बताया कि त्योहार को देखते हुए यह चेकिंग अभियान चलाया गया है और आगे भी निरीक्षण जारी रहेगा।

## एक नजर

### ब्लॉक में होली मिलन समारोह एक मार्च को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** विकासखण्ड की ओर से ब्लॉक परिसर में एक मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन होगा। जिसमें सांसद, विधायक समेत सभी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। यह जानकारी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार ने दी।

### एसडीएम ने की पीएम आवास व स्वनिधि योजना की समीक्षा

एक सप्ताह में लंबित सत्यापन के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** एसडीएम आलोक कुमार सिंह ने शुक्रवार को तहसील क्षेत्र की चारों नगर पंचायतों की प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 0.2 एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा की।

समीक्षा में स्पष्ट हुआ नगर पंचायत फतेहगंज पश्चिमी में आवास को 1432, मीरगंज में 2320, शाही में 1836 एवं शीशगढ़ में 3641 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किए।इनमें से फतेहगंज पश्चिमी नगर पंचायत में 609, मीरगंज में 288, शाही में 767 एवं शीशगढ़ में 1526 सत्यापन को लंबित हैं। एसडीएम ने अवशेष आवेदनों का सत्यापन करने को नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में राजस्व निरीक्षक एवं चार राजस्व कर्मचारियों की टीम गठित की। टीम में नगर पंचायत के दो कर्मचारी भी शामिल होंगे। एसडीएम ने अवशेष आवेदनों का एक सप्ताह में सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एसडीएम प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में स्ट्रीट वेंडर्स को आत्मनिर्भर बनाने कोअधिक से अधिक लोगों का आवेदन कराने के निर्देश अधिशासी अधिकारियों को दिए। एसडीएम ने कहा योजना का प्रचार-प्रसार भी कराया जाए। बैठक में तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अरविंद कुमार, ईओ मीरगंज प्रियंका, ईओ शीशगढ़ दुर्गेश सिंह, ईओ फतेहगंज पश्चिमी पुष्पेंद्र सिंह, सभी राजस्व निरीक्षक एवं नगरीय क्षेत्र के लेखपालगण मौजूद रहे।

### क्षेत्र का प्रमुख आर्य अस्पताल पहुंचा नए भवन में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर और क्षेत्र का प्रमुख आर्य अस्पताल अपने नए भवन आर्य कॉलेज ऑफ फार्मेसी हरदुआ में पहुंच गया है। अब अस्पताल का संचालन डॉक्टर स्मृति पटेल द्वारा किया जाएगा।

कस्बे के मुख्य मार्ग पर स्थित क्षेत्र का प्रमुख आर्य अस्पताल जिसे डॉक्टर एमपी आर्य द्वारा संचालित किया जा रहा था, डॉक्टर आर्य के विधायक निर्वाचित होने के बाद वह अपना समय अस्पताल को नहीं दे पा रहे थे। मिली जानकारी के मुताबिक अब इस आर्य अस्पताल को बरेली-पीलीभीत हाईवे किनारे विधायक डॉक्टर एमपी आर्य के अपने दूसरे प्रतिष्ठान आर्य कॉलेज ऑफ फार्मेसी में संचालित किया जाएगा। यह अस्पताल विधायक डॉक्टर एमपी आर्य के पुत्र ऋषि गंगवार ऊर्फ उदित गंगवार की पत्नी डॉक्टर स्मृति पटेल की देखरेख में संचालित किया जाएगा।

### नाबालिग को ब्लैकमेल कर दी जान से मारने की धमकी

शादी न होने देने की बात कहकर भाई को भी दी एलानिया चेता. वनी, तीन के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बेटी को ब्लैकमेल करने और बेटे को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बहेड़ी थाना क्षेत्र एक ग्राम निवासी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को रवि पुत्र मथुरी प्रसाद निवासी ग्राम आदलपुर थाना बहेड़ी तथा उसके रिश्तेदार आकाश उर्फ अक्की व नीरज पुत्र भूरे लाल निवासी ग्राम हरहरपुर, थाना अमरिया जिला पीलीभीत लगातार ब्लैकमेल कर रहे हैं। आरोप है कि आरोपीगण प्रार्थी के पुत्र अंकित को फोन पर एलानिया धमकी देते हैं कि "तुझे जिंदा नहीं छोड़ेंगे और तेरी बहन की शादी नहीं होने देंगे।" इतना ही नहीं, नाबा. लिग की इज्जत खराब करने की धमकी भी दी जा रही है।

पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपियों ने मोबाइल फोन के माध्यम से कई बार जान से मारने की धमकी दी है, जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग व स्टेटस रिकॉर्ड उनके पास सुरक्षित है। परिजनों ने रिश्तेदारों के माध्यम से समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर रवि पुत्र मथुरी प्रसाद निवासी आदल. पुर थाना बहेड़ी, आकाश उर्फ अक्की व नीरज पुत्र भूरे लाल निवासी हरहरपुर अमरिया, जिला पीलीभीत के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### होली का त्यौहार सकुशल सम्पन्न कराने को पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शीशगढ़।** होली का पर्व और रमजान माह को सकुशल सम्पन्न कराने को शीशगढ़ पुलिस पूरी तरह एलर्ट हो चुकी है। इसी के मद्देनजर शुक्रवार की शाम को थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह की अगुवाई में शीशगढ़ पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। मार्च थाना परिसर से शुरू होकर मेन चौराहा होते हुए बरेली बस स्टैंड से वापस होकर थाने पर पहुंचकर समाप्त हो गया। मार्च के दौरान थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने साफ चेताया कि होली का पर्व मेल मिलाप का पर्व है इसे सौहार्द पूर्ण शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। बिना मर्जी किसी पर रंग न डालें। साथ ही यह भी समझाया कि कोरी अपवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दें, किसी भी तरह की खुरापात करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कोई भी हो उसकी जगह जेल में होगी।

### उज्ज्वल दीक्षित ने कनाडा में पाया शीर्ष स्थान, क्षेत्र का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र उज्ज्वल दीक्षित ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी शैक्षणिक उपलब्धि हासिल कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उज्ज्वल ने कनाडा की प्रतिष्ठित

सस्केचेवान विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में उपाधि प्राप्त की और वर्ष 2024-2025 की डी ऑनर्स (शीर्ष-5) सूची में स्थान बनाया। विदेशी विश्वविद्यालय में शीर्ष पांच में नाम आना अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है।उज्ज्वल, धामपुर शुगर मिल के ईडी सुभाष पांडे के धेवते हैं।

उनके पिता राजन कुमार डीएसएम शुगर मिल में उप महाप्रबंधक हैं तथा पूर्व में डीएसएम शुगर मिल मीरगंज में मानव संसाधन प्रमुख के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। उनकी माता उर्विजा दीक्षित (रंजना) उप प्रधानाचार्या हैं।वर्तमान में उज्ज्वल का चयन सास्काचेवन कनाडा के स्वास्थ्य विभाग में डिजिटल स्वास्थ्य विश्लेषण मॉडलिंग एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता पद पर आकर्षक वेतनमान पर हुआ है। उनकी सफलता से परिवार, डीएसएम परिवार और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### होली की तैयारी में हादसा, मिट्टी की ढांग गिरने से दो युवक दबे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** होली के त्योहार पर घर की लिपाई-पुताई के लिए धनेटा गांव के कुछ ग्रामीण शुक्रवार सुबह नदी किनारे पीली मिट्टी खोद रहे थे। सुबह करीब 10 बजे अचानक मिट्टी की ढांग भरभराकर गिर गई, जिससे वहां मिट्टी खोद रहे सोनू पुत्र राधेश्याम और विक्की पुत्र अनिल मौर्य मिट्टी में दब गए।

हादसा होते ही मौके पर मौजूद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू कर दोनों युवकों को बाहर निकाला। सूचना पर परिजन और गांव के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। गंभीर हालत में दोनों को हाईवे किनारे स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

# राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में एनएसएस विशेष शिविर का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोहपूर्वक किया गया। समापन अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बी. के. प्रधान एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ।अंतिम दिन स्वयंसेवकों ने भारतीय संविधान में निहित मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के महत्व पर आधारित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. बी. के. प्रधान ने कहा कि संविधान देश की मूल आधारशिला है और प्रत्येक नागरिक को इसके प्रति सजग रहना चाहिए।

उन्होंने स्वयंसेवकों को संविधान के मूल सिद्धांतों, अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी।इस अवसर पर प्रो. एस. के. सिंह ने शि. विर को सफल बताते हुए स्वयंसेवकों की सराहना की और भविष्य में भी समाज सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। अंत में डॉ. बी. के. प्रधान ने सभी प्रतिभागियों, सहयोगियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# होली पर उज्जवला लाभार्थियों को मुफ्त गैस रिफिल का तोहफा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लोक भवन से होगा सीधा प्रसारण, बरेली के 4.16 लाख से अधिक लाभार्थियों को मिलेगी दो सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी**

**बरेली।** होली त्यौहार के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का आयोजन आज शनिवार को किया जाएगा। डीएम अविनाश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेशभर के उज्जवला योजना के लाभार्थियों को नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद बरेली में जीआईसी ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रति. निधियों की गरिमामयी उपस्थिति में बरेली जनपद के उज्जवला योजना के लाभार्थियों को नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का प्रतीकात्मक वितरण चेक के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभार्थियों की उपस्थिति रहने की संभावना है और प्रशासन द्वारा कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद बरेली में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत कुल 4,16,736 लाभार्थी पंजीकृत हैं, जिन्हें केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संयुक्त रूप से प्रति गैस कनेक्शन 894.48 रुपये की सब्सिडी प्रदान की जाती है। होली त्यौहार के अवसर पर पात्र लाभार्थियों को दो नि:शुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी का लाभ प्रदान किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को रसोई गैस की सुविधा उपलब्ध कराना और उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करना है, जिससे त्योहार के अवसर पर उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने आगे बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े उचित दर विक्रेताओं को भी बड़ी राहत प्रदान की जा रही है। जनपद बरेली के कुल 1,759 उचित दर विक्रेताओं का दिसंबर माह का कुल लाभांश 14,14,00,063 रुपये उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किया जा रहा है। इसके साथ ही जनवरी माह का कुल लाभांश 1,41,21,919 रुपये भी उनके बैंक खातों में भेजा जाएगा। यह राशि सीधे उनके खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी।

प्रशासन का मानना है कि इस पहल से एक ओर जहां उज्जवला योजना के लाभार्थियों को होली के अवसर पर बड़ी राहत मिलेगी, वहीं उचित दर विक्रेताओं को भी समय पर उनका लाभांश प्राप्त होने से सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अधिक मजबूत और प्रभावी बनेगी। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि कार्यक्रम गरिमामय एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया जा सके।

# किसान पर गाली देने व गोली मारने की धमकी देने का आरोप

- चीनी मिल के सुरक्षा मैनेजर ने दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** केसर चीनी मिल के प्रबंधन ने एक किसान पर जबरन मिल का गेट खुलवाने, न खोले जाने पर उत्ते. जित होकर मिल की कॉलोनी में पहुंचकर हंगामा करने तथा सहायक गन्ना उपाध्यक्ष के घर पहुंचकर दरवाजा तोड़कर गोली मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

सीनियर मैनेजर (सुरक्षा) गुलजार सिंह पुत्र चमेलाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विनीत चौधरी पुत्र प्रेम सिंह, निवासी डंडिया फार्म, तेज गति से इसुजु गाड़ी (संख्या एपी 31 ई आर 1570) चलाते हुए फैक्ट्री मेन गेट पर पहुंचे। वहां तैनात सिक्योरिटी इंस्पेक्टर श्रीकांत से गेट खोलने को कहा। उन्हें बताया गया कि पेराई सत्र बंद हो चुका है, इसलिए गेट नहीं खोला जाएगा।

आरोप है कि इस पर युवक भड़क गया, और गेट तोड़ने की धमकी देने लगा। इसके बाद वह गाड़ी लेकर फैक्ट्री कॉलोनी की ओर बढ़ गया। बैरियर पर तैनात चौकीदार ने तेज रफ्तार गाड़ी देखकर तत्काल ताला लगा दिया। इससे नाराज होकर आरोपी गाड़ी से उतरा और चौकीदार की गुमटी में रखे टेलीफोन व रजिस्टर जमीन पर पटक दिए, जिससे टेलीफोन टूट गया और रजिस्टर फट गए। वहीं पास खड़ी मोटरसाइकिल को भी लात मारकर गिरा दिया। गुलजार सिंह के अनुसार, शोर सुनकर जब वह मौके पर पहुंचे तो आरोपी ने उनके साथ भी गाली-गलौज व धक्का-मुक्की की और कहा कि "राइफल गाड़ी में रखी है, अभी गोली मार दूंगा।" किसी तरह समझाने की कोशिश की गई, लेकिन वह और उग्र होता गया।

बताया गया कि इसके बाद वह पैदल ही गाली देते हुए सहायक उपाध्यक्ष (गन्ना) सुभाष तोमर के आवास पर पहुंच गया और दरवाजा तोड़ने का प्रयास करने लगा। कॉलोनी वासी एकत्र हो गए और हाथ जोड़कर उसे शांत होने की विनती करते रहे, लेकिन वह लगातार सभी को रायफल से गोली मारने की धमकी देता रहा। काफी समझाने-बुझाने के बाद लोगों ने उसे पकड़कर बैरियर तक लाया।

सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस के सामने ही वह अपनी गाड़ी लेकर वहां से चला गया। घटना के बाद कॉलोनी में भय का माहौल है। महिलाओं और बच्चों में भी दहशत बनी हुई है। पुलिस ने गुलजार सिंह की तहरीर पर विनीत चौधरी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरा. पी विनीत चौधरी का कहना है कि चीनी मिल प्रबंधन ने उन पर झूठा मुकदमा कराया है। पिछले साल का गन्ना मूल्य भुगतान बकाया चल रहा है जो भुगतान मांगता है उसकी आवाज फर्जी मुकदमा कराकर दबा दी जाती है।

# रमजान के दूसरे जुमे पर मस्जिदों में उमड़े अकीदतमंद

- शरई मालदार मुसलमान पर जकात फर्ज, अदा करने में न करे देरी: अहसन मियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुबारक माह रमजान के दूसरे जुमे और नौवें रोजे पर शहर की मस्जिदों, दरगाहों और खानकाहों में अकीदत का समंदर उमड़ पड़ा। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों पुराना शहर, किला, जखीरा, जसोली, बाकरगंज, हुसैन बाग और आजम नगर समेत विभिन्न इलाकों में सुबह से ही रोजेदार नमाज की तैयारियों में जुट गए।

किला स्थित शाही जामा मस्जिद में दोपहर 1:30 बजे शहर इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम की इमामत में जुमा की मुख्य नमाज अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में नमाजियों ने शिरकत कर मुल्क और कौम की खुशहाली के लिए दुआ मांगी। इसके अलावा शहर की प्रमुख मस्जिदों और दरगाहों में दोपहर 12:30 बजे से नमाज का सिलसिला शुरू हो गया। दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां समेत खानदान के बुजुर्गों ने रजा मस्जिद में दोपहर तीन बजे नमाज अदा की। इससे पहले मुफ्ती जईम रजा ने खुत्बा पढ़ा और नमाज अदा कराई। नमाज के बाद मुल्क में अमन-चौन, खुशहाली और इंसानियत की बेहतरी के लिए खास दुआ की गई।



इस मौके पर सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने कहा कि इस्लाम के पांच स्तंभों में जकात अहम फर्ज है और शरई मालदार मुसलमानों पर इसे अदा करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जकात और सदका-ए-फित्र की रकम जल्द अदा करें, ताकि जरूरतमंद लोग भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें। उन्होंने रमजान को गरीबों, बेसहारा और जरूरतमंदों की मदद का महीना बताते हुए रिश्तेदारों और पड़ोसियों का खास ख्याल रखने की अपील की।

शहर की अन्य प्रमुख दरगाहों और मस्जिदों, जिनमें दरगाह ताजुश्शरिया, खानकाह-ए-नियाजिया, दरगाह शाह शराफत अली मियां, दरगाह शाहदाना वली, दरगाह वली मियां, नौमहला मस्जिद, पीराशाह मस्जिद, हरी मस्जिद, नूरानी मस्जिद और हबीबिया मस्जिद समेत विभिन्न स्थानों पर भी बड़ी तादाद में नमाजियों ने जुमा की नमाज अदा कर अल्लाह की बारगाह में दुआएं मांगी।

# एएनटीएफ ने सात किलो अफीम के साथ तस्कर दबोचा



- 35 लाख की अफीम बरामद
- पंजाब सप्लाई से पहले मीरगंज में दबोचा गया आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स यूनिट बरेली ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सक्रिय तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 7 किलोग्राम अवैध अफीम, एक मोबाइल फोन तथा 2,310 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। बरामद अफीम की अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपये बताई गई है।एएनटीएफ की यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था, अपर पुलिस महा. निदेशक अपराध के मार्गदर्शन तथा पुलिस महानिरीक्षक एएनटीएफ लखनऊ के नेतृत्व में की गई।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान देव सिंह पुत्र मंगली सिंह निवासी ग्राम बड़ागांव थाना सिरौली जनपद बरेली के रूप में हुई है। उसे शुक्रवार को बरेली-रामपुर रोड स्थित हुरहुरी मोड़ नल चौराहे के पास से दबोचा गया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बिहार के एक व्यक्ति से अफीम खरीदकर पंजाब एवं आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करता था, जिससे उसे अच्छा मुनाफा मिलता था। इसी क्रम में वह सप्लाई देने जा रहा था, तभी एएनटीएफ टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।

एएनटीएफ यूनिट बरेली की टीम प्रभारी उपनिरीक्षक विकास यादव के नेतृत्व में की गई। इसमें सौरभ चौधरी, अंकित यादव, कुश कुमार, विनीत कुमार, मोहित कुमार व महिला कांस्टेबल छाया शामिल रहीं। थाना मीरगंज पुलिस व सर्विलांस टीम ने भी सहयोग किया।

# एसडीएम ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** तहसील मीरगंज क्षेत्र में चल रही बोर्ड परीक्षाओं के दौरान एसडीएम आलोक कुमार सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी, बैठने की व्यवस्था तथा प्रश्नपत्रों की गोपनीयता संबंधी व्यवस्थाओं को परखा।

एसडीएम ने श्री हरि कृपा इंटर कॉलेज फतेहगंज पश्चिमी में हाई स्कूल गणित परीक्षा का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रताप इंटर कॉलेज शाही तथा दुनका इंटर कॉलेज दुनका का भी भ्रमण कर परीक्षा प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन संपन्न कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कक्ष निरीक्षकों को शासन की गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। केंद्र व्यवस्थापकों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना प्रशासन को देने के लिए कहा गया।

## जौनेर में जल अर्पण कार्यक्रम, उत्कृष्ट कार्य पर जल सखियां सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से शुक्रवार को क्षेत्र के गांव जौनेर में जल अर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण एवं जल निगम के अवर अभियंता ने जल सखियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। इस दौरान जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में नरेंद्र गंगवार, मुनेंद्र शर्मा, संदीप शर्मा तथा रामसिंह पाली सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुरारपुर उर्फ मुरचौड़ा विकासखण्ड बहेड़ी ( बरेली )**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुरारपुर उर्फ मुरचौड़ा विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु प्रथम श्रेणी की ईंट, रेता, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, ईंट की रोढ़ी, पन्नी मिट्टी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक-02.03.2026 को समय 12:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-02.03. 2026 को समय दोपहर 3:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | अनुज के घर से तालाब तक सीसी रोड व नाली निर्माण | 3,71,755.00 |

**राजेन्द्र सिंह** (प्रधान) **सचिन राना** (सचिव)

# कॉटन वेस्ट के दो कारखानों में आग से लाखों का नुकसान

## दमकल की चार गाड़ियों ने पाया आग पर काबू, शार्ट सर्किट से लगी आग ने बरपाया कहर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर के मोहल्ला इस्लाम नगर स्थित कॉटन वेस्ट के दो कारखानों में बीती रात भीषण आग लगने से लाखों रुपये का माल जलकर राख हो गया। आग की तेज लपटों और घने धुएं से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियों ने स्थानीय लोगों की मदद से घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला इस्लाम नगर में शाहिद और दानिश के कॉटन वेस्ट के कारखाने हैं। रमजान के चलते रात में काम बंद कर श्रमिक अपने घर जा चुके थे और कारखाने बंद थे। इसी दौरान अचानक एक कारखाने से धुआं उठता दिखाई दिया और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि दोनों कारखाने इसकी चपेट में आ गए। आग की ऊंची-ऊंची लपटें और आसमान में उठता धुएं का गुबार देखकर आसपास के लोग दहशत में आ गए। लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत शुरू की। संकरी गलियों और ज्वलनशील सामग्री के कारण आग बुझाने में काफी दिक्कतें आईं। स्थानीय लोगों ने भी पानी और अन्य संसाधनों से सहयोग किया, जिसके बाद कई घंटों की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक कारखानों में रखा तैयार माल, कच्चा माल और अन्य सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो चुका था। गनीमत रही कि घटना के समय कारखाने में कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि नहीं हुई। फिलहाल पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर जांच में जुटी है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है, हालांकि विस्तृत जांच के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# 15 दिन में आग की चार बड़ी वारदातें

## लाखों रूपये का सामान हुआ राख में तब्दील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर में पिछले दस दिनों के भीतर आग की चार बड़ी घटनाओं ने न सिर्फ कारोबारियों की पूंजी को राख किया है, बल्कि उनके सालों की मेहनत और सपनों को भी धुएं में बदल दिया है। हर घटना में लाखों रुपये के नुकसान की बात सामने आई है, जबकि गनीमत रही कि अब तक किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

सबसे पहले जोया क्षेत्र में एक फल के गोदाम में आग लगी। सुबह तक जिन फलों से रोजी-रोटी चलनी थी, वे रातों-रात राख में तब्दील हो गए। गोदाम मालिक की आंखों के सामने उसकी मेहनत जलती रही और वह बेबस खड़ा देखता रहा। जबकि बिजनौर रोड पर लकड़ी की कई दुकानों में आग भड़की। कई सालों से चल रही दुकानें कुछ ही घंटों में राख हो गई। जिससे दुकानदारों के चेहरे पर सिर्फ धुआं नहीं, भविष्य की चिंता भी साफ दिखी। अब यह लकड़ी कारोबारी दोबारा से अपनी दुकाने तैयार करने में लगे हैं। जबकि इससे कुछ दिन पहले ही तीसरी घटना मोहल्ला लकड़ा की एक कॉस्मेटिक दुकान में हुई। रंग-बिरंगे सामान से सजी दुकान अचानक आग की चपेट में आ गई। और अब ताजा घटना इस्लाम नगर में कॉटन वेस्ट के दो कारखानों की है। रमजान के चलते मजदूर घर जा चुके थे। बंद कारखानों में अचानक उठी लपटों ने विक. राल रूप ले लिया। आग की रोशनी में भागते लोग, घबराए चेहरे और पानी की बाल्टियों से जूझते दिखाई दिये। दमकल की गाड़ियां घंटों संघर्ष करती रहीं, मगर तब तक लाखों का माल खाक हो चुका था। हर बार गनीमत यही रही कि जानमाल की बड़ी हानि नहीं हुई, लेकिन जिनके सपने जले हैं, उनके लिए यह किसी सदमे से कम नहीं।

# गैंगस्टर के चार दोषियों को 4-4 साल की सजा

## कोर्ट ने बीस हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गैंगस्टर एक्ट के 17 साल पुराने मामले में न्यायालय ने मुरादाबाद और अमरोहा के चार दोषियों को चार-चार साल की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। फिलहाल दोषी जमानत पर जेल से बाहर थे।

यह मामला नौगांवा सादात थाने से जुड़ा है। यहां पर तत्कालीन एसओ सुरेंद्र पाल सिंह ने 13 मार्च 2009 को गजरौला के पपसरा खादर निवासी हाकम मुरादाबाद के बगिया सागर के रहने वाले बब्बन, नौगांवा सादात के जब्बारपुर निवासी मेहंदी हसन और गुट्टा उर्फ इंतजार उर्फ नन्हे के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत प्राथमिक की दर्ज की थी। बाद में चारों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया था। फिलहाल सभी जमानत पर जेल से बाहर थे, इस मुकदमे की सुनवाई एडीजे द्वितीय की अदालत में चल रही थी। बृहस्पतिवार को न्यायालय ने मुकदमे में आखिरी सुनवाई की और साक्ष्यों व सबूतों के आधार पर हाकम, बब्बन, मेहंदी हसन और गुट्टा उर्फ इंतजार उर्फ नन्हे को दोषी करार दिया। साथ ही चारों को चार-चार साल की सजा सुनाई और 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

# मिट्टी की ढांग में दबकर महिला की मौत

## पति व बच्चों का रो रोकर बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** घर के लिए मिट्टी खोद रही महिला की ढांग के नीचे दबकर मौत हो गई। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सोहरका के माजरा नवाबपुरा निवासी चिरंजी की पत्नी जगवती 38 वर्ष शुक्रवार दोपहर गांव की ही अन्य युवतियों भारती और रिंकी के साथ बैलगाड़ी लेकर मिट्टी लेने गई थी। गांव से करीब ढाई किलोमीटर दूर भीमा ठीकरी गांव के पास जब वे मिट्टी खोद रही थीं। तभी अचानक मिट्टी का एक बड़ी ढांग भरभरा कर जगवती के ऊपर गिर गई। हादसा होते ही साथ गई युवतियों ने चीख-पुकार मचानी शुरू कर दी। जिसे सुनकर आस-पास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंच गये। सूचना मिलते ही भारी संख्या में परिजन और ग्रामीण भी घटनास्थल पर जमा हो गये। ग्रामीणों ने करीब आधा घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मिट्टी हटाकर महिला को बाहर निकाला। लेकिन तब तक जगवती की सांसें थम चुकी थीं। मृतक महिला अपने पीछे तीन बेटों लोकेश, गजेंद्र और प्रवीन को रोते-बिलखते छोड़ गई है। मां की अचानक मृत्यु से बच्चों और पति का रोते बिलखते बुरा हाल है।



# रमज़ान माह के दूसरे जुमे को छोटी पड़ी मस्जिदें

## उलेमाओं ने बयान की दूसरे अशरे की फजीलत, जकात अदा करने की ताकीद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रमजान के दूसरे जुमे को नमाजियों की भीड़ से मस्जिदें छोटी पड़ गई। रोजेदारों ने अकीदत के साथ नमाज अदा कर अल्लाह की बारगाह में हाथ उठा मुल्क में अमन चैन व कौम की सलामती व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। रोज. 'दारों ने मस्जिदों के पास लगी दुकानों व ठेलो से इफ्तार की खूब खरीदारी की। मस्जिदों के आस-पास सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा।

मुक्कदस रमजान के दूसरे जुमे को शहर की जामा मस्जिद समेत अन्य मस्जिदें नमाजियों से फुल रही। रोजेदारों में नमाज को लेकर अलग ही जोश था। सुबह से ही वह नमाज की तैयारियों में लगे रहे। 12.30 बजे जैसे ही मस्जिदों से अजान की आवाज आनी शुरू हुई, नमाजियों ने फौरन मस्जिदों की तरफ रुख कर लिया। नमाज पढ़ने को लेकर बड़ों के साथ साथ बच्चों में उत्साहित दिखे। शहर की जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करने पहुंचे। जुमे की अजान से पहले ही अधिकतर मस्जिदें नमाजियों से फुल हो गई। कई मस्जिदों में रोजेदारों को खुले आसमान के नीचे धूप में नमाज अदा करनी पड़ी। जामा मस्जिद में मुफ्ती मुहम्मद शाहिद ने नमाज अदा कराई। तकरीर मे उन्होंने दूसरे अशरे की फजीलत बयान करते रोजे की फजीलत के साथ ही जकात अदा करने की ताकीद की और जरूरत मंदो की मदद करने की बात कही। इसके अलावा मोहल्ला चिल्ला की मस्जिद, बासवान गंज की बड़ी मस्जिद, अंधेरिया मस्जिद, रोजा पीर शाह अब्बन शाह, दरगाह हजरत शाहविलायत, दरगाह भूरे खां शहीद समेत शहर की अन्य मस्जिदों में अकीदत के साथ नमाज अदा की गई।



# मुल्क की तरक्की व खुशहाली की दुआ को उठे हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मुकद्दस रमजान के दूसरे जुमे को मस्जिदों में नमाजियों की भी उमड़ पड़ी। समाज की खुशहाली व मुल्क की तरक्की के लिए दुआ भी कराई गई।

शहर की मस्जिदों में रमजान के दूसरे जुमे को नमाजियों की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई। जामा मस्जिद में मुफ्ती मेराज अहमद ने जुमे की नमाज को अदा कराया। इसके अलावा पत्थर वाली मस्जिद, मस्जिद बादल खा वाली, गढ़ी वाली, लाल मस्जिद, मदीना मस्जिद, ख्ययातान, तैयबा, रेतिया वाली, संभलयान, संभल बस स्टैंड वाली, उस्मान गनी में रमजान मुबारक के दूसरे जुमे को नमाज अदा कराई गई। इसके अलावा गांव गंगवार, बुरावली, सिहाली जागीर, मनोटा, बावनखेड़ी, काला खेड़ा, हैबतपुर बंजारा, पिपलौतीखुर्द, शंकर गढ़ी, पिपलोती कलां, मछरई, मदारीपुर, जयतोली, ढवारसी आदि ग्रामीण इलाकों में रमजान मुबारक दूसरे जुम्मे को नगर पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था की मुकम्मल तैयारी की गई थी। मस्जिदों के बाहर चूना आदि डलवाया गया था।



# करंट की चपेट में आकर मजदूर की मौत

## होर्डिंग हटाने के लिए फ्रेम लगाते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** ढकिया चमन के पास शुक्रवार सुबह करीब सात बजे होर्डिंग टांगने के लिए लोहे का फ्रेम लगाते समय हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर 50 वर्षीय मजदूर रोहताश की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। परिजनों ने हाइड्रा चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मृतक रोहताश कुमार मुरादाबाद जिले के मझौला थाना



क्षेत्र के नया गांव निवासी थे। तीन भाइयों में वह दूसरे नंबर पर के थे। उनके बड़े भाई दिल्ली में प्राइवेट

**■ हाइड्रा चालक पर कार्रवाई की मांग को परिजनों ने काटा हंगामा**

नौकरी करते हैं, जबकि छोटे भाई अभिलाष कुमार रामपुर में डीआईओएस कार्यालय तैनात हैं। परिवार में पत्नी सुनीता देवी और एक बेटा प्रशांत कुमार हैं। पुलिस के मुताबिक रोहताश चुनाव व अन्य प्रचार सामग्री के होर्डिंग लगाने का काम करते थे। शुक्रवार सुबह गांव ढकिया चमन में होर्डिंग का फ्रेम लग रहा था। इसी दौरान हाइड्रा चालक ने लिफ्ट को जरूरत से ज्यादा ऊपर उठा दिया, जिससे रोहताश ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए। करंट लगते ही रोहताश गंभीर रूप से झुलस गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, स्थानीय लोगों की मदद से रोहताश को जोया सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की बात कही।

# पांच साल की मासूम से दरिंदगी की कोशिश

## पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दरिंदे ने 5 साल की मासूम बच्ची को कमरे में ले जाकर उसके साथ मुंह काला करने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव का एक दरिंदा युवक 5 साल की मासूम बच्ची को बहला फुसलाकर अपने कमरे में ले गया। आरोपी युवक ने मासूम बच्ची के साथ मुंह काला करने का प्रयास किया। लेकिन वह अपने इरादे में कामयाब नहीं हो सका।आरोप है कि आरोपी ने मासूम बच्ची के परिवार के लोगों के साथ मारपीट भी की। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया ने बताया पीड़ित बच्ची की मां की तहरीर पर रहरा पुलिस ने आरोपी मोहन पुत्र राम प्रसाद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया। वहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया।




















# मारपीट का वीडियो वायरल

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के रहरा मार्ग स्थित तीसरा मिल पर मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। ई-रिक्शा और बाइक हटाने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी खूनी संघर्ष में बदल गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के अनुसार ग्राम डगरोली मल्लवाली निवासी महेंद्र अपना ई-रिक्शा लेकर जा रहा था। इसी दौरान पिपलौती खुर्द निवासी मोनू अपनी बाइक लेकर वहां पहुंचा। रास्ते से वाहन हटाने को लेकर दोनों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हुई। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के परिजन भी लाठी-डंडों के साथ मौके पर पहुंच गये।

